AnandNiketan
Maninagar Campus

Grade : VIII	Subject : Hindi	Date :
SYLLABUS साहित्य- १,२,३,४,५,६,७,८,९ व्याकरण- १,२,३,४,१०,१२,१३,१४ (रचनात्मक अभिव्यक्ति)	Practice Worksheet Empower-I	Empower-1-80 Marks PT-1(Written)-10 Marks Subject Enrichment-5 Marks Notebook Submission-5 Marks Total-100 Marks

खंड-क

प्रश्न-१. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये -

जो काम करना है, उसको प्रसन्नता से करना चाहिए और उसके संबंध में कोई ऐसा शब्द भी नहीं कहना चाहिए, जिससे प्रकट हो कि यह काम अन्यमनस्कता से किया जा रहा है या उस काम के करने से दूसरे के साथ एहसान किया जा रहा है। या तो कोई वस्तु न दे या दे तो पूर्ण उदारता से और प्रसन्नता के साथ। कम से कम जहाँ क्रिया में उदारता हो वहाँ 'वचने दरिद्रता' नहीं आने देनी चाहिए।

यदि इनकार ही करना पड़े तो उसमें अधिकार और अभिमान की गंध नहीं आनी चाहिए। इनकार मजबूरी के ही कारण होना चाहिए, चाहे वह सैद्धांतिक मजबूरी हो या आर्थिक। इनकार शिष्टता के साथ भी हो सकता है और अशिष्टता के साथ भी। प्रायः लोग अशिष्टता से यह कह देते हैं- 'जाओ, अमुक वस्तु यहाँ कहाँ से आई, तुम्हारा कोई लेना देना नहीं है?,घरवालों के लिए तो जुड़ता नहीं, तुम्हारे लिए कहाँ से लाएँ,' इनकार करने में जो बातें कही जाएँ, उनमें परायेपन का भाव नहीं आने देना चाहिए।

क. हमें किसी काम को किस प्रकार करनी चाहिए?
ख. 'वचने दरिद्रता' से क्या तात्पर्य है?
ग. किसी काम को इनकार करने का क्या तरीका होना चाहिए?
घ. जो काम करना है उसे कैसे करना चाहिए?
ङ. इनकार में कौन सा भाव नहीं आने देना चाहिए?

प्रश्न-२. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये -

एक काबुलीवाले की कहते हैं लोग कहानी,

लाल मिर्च को देख गया भर उसके मुँह में पानी।

सोचा, क्या अच्छे दाने हैं, खाने से बल होगा,

यह, जरूर इस मौसम का कोई मीठा फल होगा।

एक चवन्नी फ़ेंक और झोली अपनी फैलाकर,

कुंजड़िन से बोला बेचारा ज्यों-ज्यों कुछ समझाकर।

लाल-लाल, पतली छीमी हो चीज़ अगर खाने की,

हमको दो तोल छीमियाँ चार आने की।

क. काबुलीवाले के मुहँ में पानी क्यों आ गया था ?

ख. काबुलीवाले ने मिर्च को कैसा फल समझ लिया था ?

ग. काबुलीवाला कुंजड़िन से क्या बोला ?

घ. काबुलीवाले ने कितने आने की छीमियाँ तोलने को कहा ?

<u>खंड-ख</u>

प्रश्न-३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क. पर्यायवाची शब्द किसे कहते हैं ?

ख. लोकोक्ति किसे कहते हैं ?

ग. संबंधबोधक अव्यय किसे कहते हैं ?

घ. वाक्य में अशुद्धियाँ किस प्रकार की होती हैं ?

ङ. रचना के आधार पर शब्द कितने प्रकार के होते हैं?

प्रश्न-४. निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कीजिये-

क. नमस्ते ख. पावन ग. निरर्थक घ. वाग्जाल ङ. तपोवन

प्रश्न-५. दिए गए मुहावरों/लोकोक्तियों का अर्थ लिखिए-

क. वचन का पक्का होना

ख. मान न मान मैं तेरा मेहमान

ग. घाट-घाट का पानी पीना

घ. लाल-पीला होना

ङ. अंत भला तो सब भला

च. दूर के ढोल सुहावने

प्रश्न-६. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

क. आकार ख. ग्रहण ग. वरदान घ. कोमल ङ. मांसाहारी

प्रश्न-७ दिए गए शब्दों का वर्ण-विच्छेद करें-

काला, गुच्छा, सप्रेम, अस्त, क्षमा, शांति

खंड-ग

प्रश्न-८. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए -

क. डॉ कलाम कौन थे?
ख. भव्य मंदिरों के खंडहर कहाँ नज़र आते हैं?
ग. जलियाँवाला बाग कहाँ स्थित है?
घ. पत्नी की कौन सी बात सुनकर झाऊलाल का जी बैठ गया?
ङ. लेखिका के मन मे बालकों को देखकर क्या ध्यान आया?

प्रश्न-९. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए –

क. अध्यापक का क्या नाम था और उन्होने सबको किसलिए आगाह किया?
ख. हँस रही उषा से कवि का क्या तात्पर्य है?
ग. अंग्रेज़ लोटे से इतना प्रभावित क्यों हुआ?
घ. राजा से घायल आदमी माफी क्यों मांग रहा था?
ङ. पुराने ज़माने में शहरों और गाँवों में किस तरह के लोग रहते थे? इसका पता हमें किससे मालूम होता है?

प्रश्न-१०. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए -

क. युवकों के लिए डॉ० कलाम का क्या संदेश है?
ख. शोभित को चोट कैसे लग गयी?
ग. अमृतशहर मे किस त्योहार को किस प्रकार मनाया गया?
घ. साधु ने किस प्रकार राजा के सवालों के जवाब दिए?

प्रश्न-११. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिये –

क. प्रबंध ख. संकल्प ग. खुराफ़ाती घ. तरक्की ङ. निठल्ले

प्रश्न-१२. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प में सही का निशान लगाइये -

क. स्मारक के ऊपर कितनी भाषाओं मे लिखा है?
१. तीन ( ) २. पाँच ( ) ३. चार ( )
ख. प्रकाश फैल जाने पर क्या धुल गया है ?
१. तिमिर ( ) २. अंबर ( ) ३. उषा ( )
ग. हमने सदा किसके हक मे आवाज़ उठाई है?
१. विश्व के ( ) २. न्याय के ( ) ३. धर्म के ( )
घ. अध्यापक ने किसके पेट से पानी निकाला ?
१. शोभित के ( ) २. सुनील के ( ) ३. नवीन के ( )

खंड-घ

प्रश्न-१३. 'जीवन में पेड़-पौधों का महत्व' विषय पर अनुच्छेद लेखन करिए-(१००-१२५ शब्द)

प्रश्न-१४. पिता जी को पत्र लिखकर यह सूचना दीजिये कि आपको स्कूल का 'सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी पुरस्कार' मिला है।

प्रश्न-१५. दिए गए संकेतों के आधार पर कहानी लेखन कीजिये-

खरगोश-कछुए में दौड़ प्रतियोगिता.....कछुए की जीत......खरगोश को भूल का एहसास.....फिर से दौड़ प्रतियोगिता.....भूल सुधार.....खरगोश की जीत।

प्रश्न-१६. पेंसिल के विज्ञापन का प्रारूप तैयार कीजिये।

प्रश्न-१७. पार्क में घूमने जाने के लिए माँ और बच्चे के बीच संवाद-लेखन कीजिए।